नवभारत

संस्थापक : स्व. रामगोपाल माहेश्वरी | प्रेरणा स्त्रोत : स्व. प्रफुल्ल माहेश्वरी

# वायु प्रदूषण का ध्यान रखना जरूरी

दिल्ली-एनसीआर हर सर्दी में वायु प्रदूषण की गिरफ्त में घुटता है. अक्टूबर से जनवरी के बीच जब हवा की गति धीमी पड़ती है, तापमान गिरता है, और पराली जलाने का मौसम शुरू होता है, तब आसमान धूसर हो जाता है और हवा जहरीली. इस पृष्ठभूमि में सुप्रीम कोर्ट का हालिया फैसला, जो हरित पटाखों की सीमित अनुमति देता है, एक ऐसा प्रयास है जिसमें परंपरा और पर्यावरण के बीच संतुलन साधने की कोशिश दिखाई देती है. यह कदम सराहनीय तो है, पर यह भी एक सशक्त चेतावनी है कि अब समय केवल नियम बनाने का नहीं, बल्कि वायु संकट से निपटने के लिए ठोस कार्रवाई का है. सपाट सच्चाई यह है कि दिल्ली-एनसीआर का वायु प्रदूषण अब मौसमी समस्या नहीं, बल्कि स्थायी स्वास्थ्य आपातकाल बन चुका है.

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुसार यहां की हवा में पार्टिकुलेट मैटर की मात्रा खतरनाक स्तर से कई गुना अधिक पाई जाती है. हर साल दीवाली के तुरंत बाद प्रदूषण एक्यूआई 400 से ऊपर पहुंच जाता है, जो 'गंभीर श्रेणी' में आता है. ऐसे हालात में बच्चों, बुजुर्गों और सांस या हृदय संबंधी रोगियों की स्थिति और भी बिगड़ जाती है. सुप्रीम कोर्ट ने सही कहा कि पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद प्रदूषण के स्तर में उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ. यह तथ्य प्रदूषण के विविध स्रोतों की ओर ध्यान दिलाता है– पराली जलाने से लेकर वाहनों और फैक्ट्रियों के उत्सर्जन तक. लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि पटाखों से होने वाला अल्पकालिक प्रदूषण महज एक क्षणिक प्रभाव है. दिवाली की रात में उत्सर्जित विषैली गैसें और धूल अगले कई दिनों तक हवा में ठहरी रहती हैं, जिससे पराली और धुंध का असर और गहरा जाता है. इसलिए 'हरित पटाखों' की अनुमति केवल तभी सार्थक होगी जब इसके साथ सख्त निगरानी और ईमानदार पालन सुनिश्चित किया जाए. हकीकत यह है कि प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई प्रशासन, उद्योग और नागरिक, तीनों की साझा जिम्मेदारी है.

सरकार को चाहिए कि पराली जलाने की समस्या के स्थायी समाधान के लिए किसानों को सस्ते और सुगम विकल्प उपलब्ध कराए. सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करे. और औद्योगिक उत्सर्जन पर नियंत्रण के लिए तकनीकी निगरानी को और सख्त बनाए. अदालत द्वारा निर्धारित समय सीमा और लाइसेंसिंग व्यवस्था तभी प्रभावी होगी जब इसे स्थानीय प्रशासन दृढ़ता से लागू करे और उल्लंघन पर तत्काल कार्रवाई हो .इसके साथ ही, नागरिकों की भूमिका भी निर्णायक है. हम सभी को यह समझना होगा कि त्योहार की खुशी केवल रोशनी और धुएं में नहीं, बल्कि स्वच्छ सांसों और सुरक्षित भविष्य में भी है. हरित पटाखों की सीमित अवधि में अनुमति का यह प्रयोग तभी सफल होगा जब समाज स्वयं इसे संयम और जागरूकता के साथ अपनाए. कम पटाखे, अधिक दीये और साझा जिम्मेदारी का भाव लेकर.

दिल्ली-एनसीआर की हवा किसी एक फैसले या आदेश से साफ नहीं होगी. यह एक लंबी, सामूहिक प्रक्रिया है, जिसमें राजनीतिक इच्छाशक्ति, न्यायिक दृढ़ता और जन-सहभागिता तीनों की आवश्यकता है. सुप्रीम कोर्ट का निर्णय इस दिशा में एक छोटा किंतु अर्थपूर्ण कदम है, लेकिन इसे व्यापक नीति, सतत परिवहन सुधार, ग्रामीण समर्थन और व्यक्तिगत अनुशासन से जोड़ना ही वास्तविक समाधान की ओर ले जा सकता है. वरना हम वर्ष दर वर्ष बस एक ही बात दोहराते रहेंगे कि यह सर्दी फिर जहरीली होगी !

निशानेबाज

# भारत का दोस्त तालिबान जल भुन गया पाकिस्तान

पड़ोसी ने हमसे कहा, निशानेबाज, अफगानिस्तान से भारत का रिश्ता सदियों पुराना है. गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की कहानी काबुलीवाला पर इसी नाम की फिल्म बनी थी, जिसमें बलराज साहनी ने उस पात्र का अभिनय किया था, जो काबुल से आकर कोलकाता में घूम-घूम कर मेवा बेचा करता था. मिनी नामक बच्ची को देखकर उसे काबुल में अपनी उसी उम्र की बेटी की याद आती थी. उसे किसी मामले में जेल की लंबी सजा हो गई. रिहा होने के बाद जब वह फिर से मेवा बेचने निकला तो मिनी की शादी हो रही थी. अब काबुलीवाला को समझ में आया कि उसकी बेटी भी इतनी बड़ी हो गई होगी. वह भावुक हो उठता है. इस फिल्म का मार्मिक गीत है ऐ मेरे प्यारे वतन, ऐ मेरे बिछुड़े चमन तुझपे दिल कुरबान ! जब पाकिस्तान नहीं बना था तो अविभाजित भारत और अफगानिस्तान की सीमा एक-दूसरे से लगी हुई थी. नेताजी सुभाषचंद्र बोस भी अंग्रेजों को चकमा देकर काबुल के व्यापारी उत्तमचंद के सहयोग से जर्मनी पहुंचे थे.




हमने कहा, महाभारत काल में जो गांधार था वही अब कंधार कहलाता है. वहां की राजकुमारी गांधारी का धृतराष्ट्र से विवाह हुआ था. तालिबान को इस भारत-अफगान रिश्तेदारी की ऐतिहासिक जानकारी बताई जानी चाहिए.

पड़ोसी ने कहा, निशानेबाज, तालिवानी विदेशमंत्री मुत्ताकी जब भारत आए तो पाकिस्तान बुरी तरह जल-भुन गया. उसी समय उसने अफगानिस्तान के इलाके पर बमबारी की. जवाब में तालिबान ने भी पाकिस्तानी सेना पर करारा हमला किया और उसकी 20 चौकियां छीन लीं. भारत और तालिबान ने मिलकर पहलगाम में हुए पाकिस्तानी आतंकी हमले की कड़ी निंदा की. इससे पाकिस्तान इतना जल भुन गया कि उसने इस्लामाबाद में अफगानी राजदूत को बुलाकर अप्रसन्नता जताई. पाकिस्तान को मालूम है कि जिस तालिबान ने अमेरिकी फौज को अपनी जमीन से भागने पर मजबूर कर दिया वह कितना ताकतवर है. भारत-तालिबान दोस्ती उसे कांटे की तरह चुभ रही है. हम तो पाक से यही कहेंगे- तुझको मिर्ची लगी तो मैं क्या करूं! यदि नवजोत सिंह सिद्धू से तालिबान के साथ मित्रता के बारे में पूछा जाए तो वह हमेशा की तरह कहेगा- गुरु, ताली दोनों हाथ से बजती है. अगर भारत और तालिबान दोनों ने ताली बजाई तो पाकिस्तानी मच्छर मसलकर रह जाएगा. इस बात पर ठोको ताली!



ज्योतिषाचार्य
पं. प्रियंका नारायणशंकर
नाथूराम व्यास,
कोतवाली बाजार,
जबलपुर (म0प्र0)

# 01 नवंबर 2025 से 31 अक्टूबर 2026 तक

## वार्षिक राशि भविष्य

### सिंह मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, ट

**इस** वर्ष आपकी राशि वालों को अढ़ैया शनि का प्रभाव रहेगा. राहु का भ्रमण द्वादश भाव में मध्यम फलकारी है, जबकि केतु मदद कर रहा है, इस वर्ष सावधानी पूर्वक कार्य करना चाहिये. किसी हितचिंतक की सलाह उपयोगी रहेगी, नई सम्पत्ति खरीदी जाने का योग है. घर में शिशुजन होने की खुशील होगी, मांगलिक कार्य हो सकते हैं. उदर विकार और पुराने रोगों से कष्ट की सम्भावना है, स्वास्थ्य का ध्यान रखें. आपको इच्छित स्थान पर कार्य करने का अवसर मिलेगा. नौकरी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है. चीटियों को आटा शक्कर चुनाना, हनुमान चालीसा का पाठ करना लाभकारी है.

- **नवम्बर-2025-** इस माह कामकाज की अधिकता रहेगी, आत्म विश्वास में कमी रह सकती है, घर गृहस्थी के कार्यो में अनबन की संभावना है, निजी स्वास्थ्य में सावधानी रखें, व्यापार व्यवसाय में नियंत्रणसे कार्य करें, आर्थिक जबावारी लेनदेन में अपनी वास्तविकता से बाहर न जायें.
- दिसम्बर-2025- कार्यो मेंमतभेद और टकराहट की स्थिति बनेगी, व्यापारिक सहयोग लेनदेन में भीविश्वासपूर्वक कार्य नहीं बनेंगे, खरीदी बिक्री और व्यर्थ के खर्च में सावधानी रखें, कोई पुरानी आर्थिक समस्या सामने आ सकती है, दूर की यात्रा का योग है.
- **जनवरी-2026-** इस माह अच्छा सुधार होगा, आत्म विश्वास बढेगा, नये कामकाज के अवसर आयेंगे, दूसरों का सहयोग मिलेगा, मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी पारिवारिक कार्यो में यश मिलेगा, निश्चिंतता बनी रहेगी, व्यर्थ की बात योजनाओं की जोड़तोड से नुकसान होगा. दुकान संबंधी कामकाज बनेगा.
- **फरवरी-2026-** स्वास्थ्य संबंधी चिन्ता व परेशानी रहेगी, नया कार्य विशेष रूप से नहीं कर पायेंगे, व्यापारिक मामलों में सावधानी रखें, नौकरी राज्य पक्ष में अधिकारियों का दबाव प्रभाव बढेगा, कोर्ट कचहरी के कामकाज लेनदेन लिखा पढी के कार्यो में विशेष सतर्कता रखें.
- **मार्च-2026-** दूसरों का व्यवहार सुधरेगा, अपनी बात प्रतिष्ठा का कार्य बनेगा, व्यापारिक कार्य सुखद होंगे, किसी बडी योजना में प्रगति होगी, रूका पैसा मिलेगा, अनायास लाभ और उचित खरीदी हो पायेगी, नौकरी राज्य पक्ष में पूछ परख बढेगी, व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा का कामकाज होगा.
- **अप्रैल-2026-** इस माह समय देखकर कार्य करना चाहिये, तात्कालिक मनमुटाव और मतभेद हो सकते हैं, नौकरी राज्य पक्ष मेंपरेशानी होगी, विरोधीवर्ग परेशानी बढायेगा, जबावदारी के कार्यो में जल्दबाजी से नुकसान होगा, पारिवारिक घटना से मनमुटाव बढ सकता है.
- **मई-2026-** सामान्य तौर पर शारीरिक पीडा और बीमारी से चिंतित हो सकते हैं, लापरवाही से परेशानी होगी, अपूर्ण समाचारों पर शीघ्रता से निर्णय न करें, बोलचाल में गंभीरता रखें, नये कामकाज में अधिक साहस न दर्शायें, व्यर्थ की उलझनें बनी रहेंगी हितचिन्तक की सलाह लें.
- **जून-2026-** काफी सावधानी से कार्य करना चाहिये अपनी वस्तुयें कागजात सम्हालकर रखना चाहिये असावधानी से नुकसान होगा, पारिवारिक मतभेद बढेंगे, प्रापर्टी खरीदी बिक्री के कार्यो में विवाद संभव है, व्यवहारिक दक्षता रखने से लाभ होगा, यात्रा में उठाईगीरों से नुकसान होगा.
- **जुलाई-2026-** इच्छित कामकाज में सफलता मिलेगी, रूके पेंडिंग महत्वपूर्ण कामकाज बनेंगे, व्यवहारिक स्थितयां अनकूल बनेंगी, आर्थिक योग उत्तम हैं, प्रापर्टी मकान दुकान आदि पर खर्च होगा, नौकरी राज्य पक्ष में सुधार होगा, अनायास लाभ होगा, व्यापारिक संबंध सुखद रहेंगे.
- **अगस्त-2026-** किसी के कहने सुनने में कार्य न करें, दूसरों पर अधिक विश्वास में धोखा संभव है, अपने प्रभाव का दुरूपयोग भी संभव है, नौकरी राज्य पक्ष में प्रलोभन से बचें, मेहनत परिश्रम से कार्य करने पर लाभ होगा, महत्वपूर्ण मामले पेंडिंग में रहेंगे, व्यर्थ की चिन्ता हो सकती है.
- **सितम्बर-2026-** शारीरिक मानसिक परेशानी हो सकती है, दूसरों के व्यवहार से कष्ट हो सकता है, नये कामकाज में सहयोग की बात नहीं बन पायेगी, पारिवारिक संतोष संयम से कार्य करना होगा, स्वास्थ्य संबंधी मामलों वाहनादि मशीनरी के कार्यो में शांति रखें.
- **अक्टूबर-2026-** काफी सुखद उत्साहपूर्ण स्थितियां रहेंगी, अनायास कामकाज बनेंगे, आत्म विश्वास बढेगा, कुछ नया परिवर्तन होगा, कार्य योजना का विस्तार होगा, व्यापार व्यवसाय में उन्नति होगी, आर्थिक योग उत्साहवर्धक लेनदेन की व्यवस्था होगी, दूर की यात्रा का योग है.

### कन्या टो, पा, पी, पु, पे, पो, ष, ण, ठ

**इस** वर्ष ग्रहों का अच्छा फल मिलेगा. रूके हुये कार्य पूरे होगें, पूरा परिश्रम करना पड़ेगा, नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा, रूकी हुयी पदोन्नति का लाभ मिलेगा, बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलेगें. अटका हुआ धन मिलने से प्रसन्नता होगी. घर में मांगलिक कार्य का संयोग उपस्थित होगा. वर्षान्त में स्वास्थ्य की चिन्ता जोड़ों की तकलीफहोगी, उच्च शिक्षा के योग हैं. नौकरी में तबादले पर घर वापिसी का योग है. मोती धारण करना लाभकारी है.

- **नवम्बर-2025-** वास्तविकता में मानसिक संतोष मिलेगा, कुछ व्यस्तता भी रहेगी, आमदनी पैसा व लेनदेन का काम बनेगा, पारिवारिक विघ्न कम होंगे, खरीदी बिक्री का काम बनेगा, नौकरी राजकीय पक्ष में सहयोग मिलेगा, मनोरंजक यात्रा के योग हैं, पारिवारिक स्थिति सुखद रहेगी.
- **दिसम्बर-2025-** व्यापार व्यवसाय की योजनाओं में सावधानी रखें, कामकाज आसानी से नहीं होंगे, दूसरों का सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा, दूसरों के हस्ताक्षेप से परेशानी संभव है लाभ के लिये परिश्रम अधिक करना पड़ेगा, जबावदेही के कार्यो में सावधानी रखें, अन्यथा नुकसान होगा.
- **जनवरी-2026-** कार्यो के प्रति लापरवाही न करें, त्वरित निर्णय आवश्यक हैं, अधिक विश्वास भरोसे में न रहें, स्वास्थ्य संबंधी चिन्ता रहेगी, विवादित कार्यो से दूर रहें, आपसी मनमुटाव व गलतफहमी हो सकती है, व्यापार व्यवसाय में अच्छे अवसरों का लाभ उठाये, नया करने की चेष्ठा सफल होगी.
- **फरवरी-2026-** इस माह में सुखद स्थितियां बनेंगी, अपने अनुभवों प्रयास परिश्रम का लाभ मिलेगा, स्वविवेक से कार्य करने से लाभ मिलेगा, वातावरण, परिचय, सहयोग, मित्रता बढेगी, वार्तालाप उपयोग ही रहेगी, हितचिन्तक का मार्गदर्शन मिलेगा, कामकाज में सफलता का योग है.
- **मार्च-2026-** कुछ तात्कालिक चिन्ता रहेगी, किसी के व्यवहार से मन दुखी होगा, दूसरों के मामले में हस्ताक्षेप न करें, अपना कामकाज प्राथमिकता से पूरा करें, व्यवसायिक संतोष रहेगा, आर्थिक लाभ का योग उत्तम है, पुरानी इच्छाओं की पूर्ति होगी, संतान पक्ष से कार्यो में प्रगति होगी.
- **अप्रैल-2026-** आपके अनुभव और योग्यता का प्रतिफल मिलेगा, आत्म विश्वास से कामकाज बनेगा, नौकरी राज्य पक्ष की चिन्ता कम होगी, रूके कार्य रोजगार व्यवसाय संबंधी कामकाज बनेंगे, खर्च की अधिकता रह सकती है, किसी दूर गये व्यक्ति के संबंध में शुभ समाचार मिलेगा.
- **मई-2026-** जितना भी संभव हो मानसिक संतोष रखना चाहिये, किसी भी मामले को प्रतिष्ठा का प्रश्न न बनायें, महत्पूर्ण कार्यो को शीघ्रता से निपटाने का प्रयत्न करें, कोर्ट कचहरी के कार्यो में विशेष सावधानी रखें, अन्यथा आगे चलकर परेशानी होगी, आर्थिक योग मध्यम रहेंगे.
- **जून-2026-** पारिवारिक कार्यो में विशेष सावधानी रखें, अस्पष्टता से कामकाज न करें, छोटी बडी बात का भी प्रभाव बढेगा, नौकरी राज्य पक्ष में जबावदारी बढेगी, दूसरों के कारण कष्ट हो सकता है, शारीरिक पीडा और चोट चपेट का डर है, वाहन चलाने में सावधानी रखें, व्यवसायिक में अधिक साहस न दिखायें.
- **जुलाई-2026-** स्थिति में काफी सुधार होगा, सहयोग का वातावरण बनेगा, व्यापारिक अस्पष्टता रहेगी, पुराने रूके कामकाज सरलता से बनेंगे, पत्नी और संतान से सुखद अनुभव होंगे, नौकरी में उन्नति हागी, इच्छित पदभार मिलेगा, स्वयं की सोच का अच्छा लाभ मिलेगा.
- **अगस्त-2026-** अनसोचे कामकाज घटनायें घटेंगी, अपने काम से काम रखें, इच्छित कार्यो में परेशानी होगी, महत्वपूर्ण कार्य बनने से आप भ्रमित हो सकते हैं, अपनी गलतियों का पश्चाताप करना होगा, व्यसन और अति साहस से नुकसान हो सकता है, अधिक भरोसा न करें.
- **सितम्बर-2026-** कामकाज की विशेष अनकूलता नहीं रहेगी, संघर्ष रहेगा, साधारण मामलों में भी परेशानी रहेगी, दीर्घकालीन कार्यो में नुकसान होगा, व्यवहारिक मामलों में अपने विचारों को महत्व दें, नौकरी में दूसरों के कारण कष्ट होगा, मतभेद बढ़ सकता है, अधिक भरोसे से बचें.
- **अक्टूबर-2026-** विवादित स्थितियां बनेंगी, मानसिक एकाग्रता में कमी व थकान बढेगी, आवश्यक कार्यो को पूरा करने में कठिनाई होगी, पारिवारिक मतभेद और विवाद सामने आ सकते हैं, नये खर्च आने से परेशानी होगी, खरीदी के कार्यो को किन्हीं कारणों से टालना पड़ सकता है.

### तुला रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते

**कारोबार** की उन्नति में बाधा नहीं आयेगी, आपका उचित मूल्यांकन होगा, मशीनरी के कार्यो में खर्च होगा, स्थायी सम्पत्ति में रद्दोबदल का योग है, आसान किस्तों पर ऋण प्राप्त कर सकते हैं. संतान के स्वास्थ्य और पढ़ाई को लेकर चिन्ता होगी. हृदय रोगी और डायविटीज के रोगी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें. परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता के योग हैं. यात्राओं में उठाईगीरों से नुकसान होगा. सूर्य भगवान को अर्घ्य देना लाभकारी है.

- **नवम्बर-2025-** आकांक्षा के अनुरूप कार्य बनेंगे, वातावरण अनुकूल और उचित रहेगा, पारिवारिक जबावदारियां विवाद आदि के कार्य बनने का योगहै, कसमकसज प्रगति होगी, परेशानी कम होगी, मानसिक प्रसन्नता बढेगी, आर्थिक योग प्रबल है. लेनदेन कर्ज में राहत संभव है.
- **दिसम्बर-2025-** आर्थिक स्थितियों में अधिकतर सुधार होगा, निजी समस्याओं का निराकरण होगा, उन्नति के अवसर बढेंगे, व्यापार व्यवसाय उत्तम रहेगा, अनायास नई बातचीत, करार वार्तालाप पक्षधर होगा, अपने कार्यो को योजना बनाकर प्राथमिकता से करें, तो आशातीत सफलता मिलेगी.
- **जनवरी-2026-** किसी तरह का शारीरिक कष्ट हो सकता है, पुरानी बीमारी पेट की तकलीफ अथवा मानसिक अस्वथ्यता की पुर्नरावृत्ति होगी, वैचारिक खुलापन रखना लाभकारी रहेगा, व्यापार व्यवसाय में सावधानी रखें, राज्य पक्ष के कार्यो में परेशानी होगी, परन्तु संयम न छोडें.
- **फरवरी-2026-** कामकाज में जबावदारी बढेगी, किसी भी कार्य में मन को जबरजस्ती लगाना पडेगा, व्यापार में लेनदेन की समस्या रहेगी, दूसरों का व्यवहार बिगडेगा, शत्रु पक्ष का ध्यान रखें, मेहनत और परिश्रम अधिक करें, अपने ही कार्यो को प्राथमिकता से जारी रखें, यात्रा में नुकसान संभव.
- **मार्च-2026-** विवाद और मतभेदों से दूर रहें, अधिकतर कार्य पूरे होगे परन्तु दूसरों के भरोसे न रहें, आपसी लोगों में नई सोच संभव है, प्रापर्टी की खरीदी बिक्री पर विचार होगा, पुराने किये गये निवेश का ध्यान रखें, समाज में पूछ परख बढेगी, सम्मान मिलेगा. धार्मिक यात्रा का योग है.
- **अप्रैल-2026-** सोचे हुये कार्यो में विघ्न आयेंगे, काफी समझदारी और गोपनीयता रखनी होगी, विशेष साहस न दर्शायें, आर्थिक मामलों लेनदेन में सावधानी रखें, चोरी से नुकसान होगा, रूका हुआ पैसा मिलेगा, गंभीरता संयम रखें, शारीरिक पीड़ा आलस्य रहेगा,
- **मई-2026-** काफी कुछ सुधार संभव है, तनाव पीड़ा धीरे धीरे कम होगी, मानसिक विश्वास बडेगा, नियोजित कार्य कर पायेंगे, फिर भी काफी प्रयासरत रहना होगा, रूके कार्यो लेनदेन खरीदी बिक्री के कार्यो में सावधानी रखें, प्रापर्टी प्लाट जमीन जायजाद हेतु समय अनुकूल है.
- **जून-2026-** इस माह व्यर्थ की बातें सामने आ सकती हैं, छोटी बड़ी बातों में विवाद होगा, दूसरों के व्यवहार से दुख होगा, जिसका भी भला और मदद की हो, उससे भी कटुता होगी, व्यापार में सरकारी कायदे कानूनी से तकलीफ होगी, व्यापारिक मतभेद भागीदारी में विवाद होगा.
- **जुलाई-2026-** काफी प्रगति और उन्नति का समय है, सही गलत का निर्णय समय पर लेना होगा, कामकाज में इच्छित वातावरण रहेगा, दूसरों का सहयोग मिलेगा, व्यापारिक करार होगा, नौकरी में प्रगति के अवसर आयेंगे, सोच विचार में बदलाव होगा, आर्थिक लेनदेन बढेगा.
- **अगस्त-2026-** कोई नया विरोधी सामने आयेगा, अपने उचित सहयोगात्मक व्यवहार के बावजूद नई चिन्ता रहेगी, वाद विवाद को टालें, शत्रु को कमजोर न समझें, आर्थिक लेनदेन खरीदी बिक्री के कार्य में सावधानी रखें, नौकरी में दबाव का वातावरण रहेगा. मकान की चिन्ता होगी.
- **सितम्बर-2026-** सुखद कामकाज की शुरूआत होगी हर तरह का सहयोग बढेगा, वास्तविकता के कामों को समझकर प्राथमिकता से करें, व्यापारिक मामलों में दृढता रखनी पडेगी, आपसी करार लेनदेन की चिन्ता कम होगी, निजी मामलों में प्रत्यक्ष लाभ होगा. पारिवारिक योग उत्तम है.
- **अक्टूबर-2026-** इस माह सभी महत्वपूर्ण कार्यो को ठीक से कर पायेंगे, काफी उत्साह और आत्म विश्वास रहेगा, नौकरी के अवसर बढेंगे, पदोन्नति होगी, व्यापार व्यवसाय अच्छा चलेगा, लेनदेन में राहत मिलेगी, शादी विवाह के कार्य बनने का योग है, लंबी यात्रा के योग है.

### वृश्चिक तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू

**शनि** मानसिक चिन्ता देता है और यही चिन्ता का निवारण भी करता है. गुरू मिश्रित फलकारी है. परिश्रम अधिक करना पड़ेगा. नयी व्यवसायिक जिम्मेदारियां आ सकती हैं. साईड बिजनेस से लाभ मिलेगा. नौकरी में अधिकारियों का सहयोग रहेगा. सम्पत्ति के विभाजन की चर्चा चल सकती है. मशीनरी वाहन के बदलाव की सम्भावना है. घरेलू जिम्मेदारियां अधिक रहेगीं. संतान के कार्यों में खर्च होगा, गर्मी में मांगलिक कार्य की सम्भावना है. रक्त विकार के प्रति सावधानी रखें. इष्टदेव की आराधना से लाभ मिलेगा.

- **नवम्बर-2025-** इस माह भाग्यवर्धक घटनायें विशेष रूप से होंगी, आत्म विश्वास बढेगा, सुखद समाचार मिलेंगे, शांतिपूर्ण कार्य होंगे, व्यापारिक स्थितियां पक्षधर बनेंगी, खरीदी, प्लाट मकान के योग बनेगे, व्यापारिक लाभ मिलेगा, किसी नये क्षेत्र में प्रयास शुरू हो सकता है.
- **दिसम्बर-2025-** दूसरों की ईर्ष्या से परेशानी होगी, अपनी बातचीत कार्य अथवा योजना गुप्त रखें, व्यर्थ के व्यवधान बढेंगे, आपसी मतभेद हो सकते हैं, दूसरों के भरोसे कोई भी कार्य आगे न बढायें, नौकरी में जबाव तलब लापरवाही का मामला आ सकता है, सावधानी रखें.
- **जनवरी-2026-** वातावरण कुछ सुधार होगा, व्यापारिक मामलों में अपने ही विचार निर्णयो को प्राथमिकता दें, आपसी रिश्तेदारी के कार्य बिगड़ सकते हैं, सत्य और परिश्रम को महत्व दें, संतान के विषयों की प्रगति होगी, पत्नी के स्वास्थ्य की चिन्ता होगा, लेनदेन निपटेगा.
- **फरवरी-2026-** माह में काफी प्रगति होगी उत्साह बढेगा, परिश्रम मेहनत के सुखद परिणाम सामने आयेंगे, व्यवहारिक स्थितियां सहयोगात्मक बनेंगी, योजनाओं का क्रियान्वयन होगा, व्यापारिक प्रतिस्पर्धा में लाभ मिलेगा, पारिवारिक दृष्टि से आशानुरूप प्रसन्नता होगी.
- **मार्च-2026-** कामकाज में धीमापन रह सकता है, अनावश्यक चिन्ता का योग है, व्यर्थ के विवाद बढेंगे, पारिवारिक मतभेद अथवा किसी बात का विरोध सहन करना पडेगा, समझौतावादी दृष्टिकोण रखें, मकान दुकान प्लाट संबंधी कार्यो में सतर्कता रखें, खर्च की अधिकता रह सकती है. पुराना पैसा मिलेगा.
- **अप्रैल-2026-** प्रयासों में सफलता मिलेगी, नया परिवर्तन साहस पक्षधर बनेगा, नौकरी में अधिकारियों का दबाव बढेगा, आर्थिक संतोष कम होगा, कर्ज-लेनदेन उधारी की चिन्ता रह सकती है, पुरानी बीमारी उभर सकती है, लिखापढी का कार्य होगा.
- **मई-2026-** मन में नई कल्पनायें विचार सामने आयेंगे, सोची समझी बातों का प्रभाव नहीं रहेगा, हर बात कार्य में नया प्रभाव जोड़तोड़ रखना पडेगा, मानसिक उत्साह कम रहेगा, व्यवसाय में संतोष रखकर कार्य करें, अचानक लाभ का भी योग है, दूसरों की उलझनों में न पडें.
- **जून-2026-** जल्दबाजी लापरवाही और आलस्य के कारण परेशानी हो सकती है, अपनी कीमती वस्तुयें सम्हालकर रखें, चोरी नुकसानी का भय रहेगा, अधिक विश्वास में धोखा होगा, छोटी बड़ी बात में विवाद होगा, कोर्ट कचहरी कानूनी भागीदारी के कार्यो में संयम रखना पडेगा.
- **जुलाई-2026-** यश और प्रसन्नता रहेगी, विशेष अनुकूल अवसर मिलेंगे, नया कार्य, विश्वास बढेगा, आर्थिक मामलों में संतोष रहेगा, खरीदी बिक्री के कार्य, प्लाट मकान की बात बनेगी, व्यापार व्यवसाय में साहस, भागीदारी में यश मिलेगा, शादी विवाह के कामकाज बनेंगे.
- **अगस्त-2026-** संतान पक्ष के लिये समय अनुकूल है, नौकरी रोजगार के अवसर मिलेंगे, स्वयं के कार्यो में यश मिलेगा, व्यवहारिक कार्यो में संयम रखना होगा, खरीदी बिक्री में सतर्कता रखें, जायजाद की समस्या दूर होगी, आर्थिक प्रसन्नता के कारण उत्साह बढेगा,.
- **सितम्बर-2026-** विवाद और मतभेदकी बातों को टालना लाभकारी स्वास्थ्य संबंधी चिन्ता रहेगी, खानपान अन्य नियमितता का ध्यान रखना चाहिये, व्यापारिक करार पुराना लेनदेन संभव होगा, विचारविमर्श मार्गदर्शन से निर्णय लें, नौकरी में जबावदारी बढेगी, शिकवे शिकायत दूर होगी.
- **अक्टूबर-2026-** शांति और सहयोग से कार्य करे, मित्रवर्ग की प्रसन्नता बढेगी, व्यवहारिक स्थितियों की प्रसन्नता बढेंगी, कार्य कुशलता का प्रभाव रहेगा, कोई बडी चिन्ता नहीं होगी, बौद्धिक कार्यो में सफलता मिलेगी, व्यापार में सराहनीय प्रगति होगी, नौकरी में परिवर्तन पदोन्नति संभव है.